## शब्द पोटली

| | | |
|---|---|---|
| निगाह | - | नज़र, दृष्टि |
| जाँच-पड़ताल | - | देखभाल |
| आश्वासन | - | दिलासा |
| पेश किया | - | समक्ष प्रस्तुत किया |
| कृतज्ञता | - | उपकार को मानने वाला |
| हुक्म | - | आदेश |

# अभ्यास

## पाठ

1. **कठिन शब्द-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दफ़्तर | पच्चीकारी | वित्तमंत्री | चौपड़ | लज्जित |
| बेईमानी | प्रधानमंत्री | खजाँची | फर्नीचर | चित्रादि |

2. **मौखिक उत्तर दो-** संकेत - बिंदु !—

(क) बादशाह ने मंत्री को क्या लाने को कहा? एक जिम्मेदार व्यक्ति को लाने को कहा।

(ख) मंत्री को राजा की किस बात का बुरा लगा? राजा के द्वारा व्यक्ति को चपरासी के पद पर रखना।

(ग) अन्य मंत्री वित्तमंत्री बने युवक से क्यों परेशान थे? व्यक्ति खुद भी ईमानदार था और किसी को बेईमानी करने नहीं देता था।


3. **सही विकल्प चुनो-**

(क) बादशाह ने युवक को रखा-

- पंद्रह रुपये माह पर ☑
- पचीस रुपये माह पर ☐
- सौ रुपये माह पर ☐
- एक हज़ार रुपये माह पर ☐

(ख) लिफ़ाफ़ों पर पच्चीकारी थी-

- मिट्टी की ☐
- आटे की ☐
- सोने की ☑
- किसी की नहीं ☐



(ग) रात में दो बजे बादशाह ने सेनापति को किसे उठाकर लाने को कहा?

अपने पुत्र को ☐ पड़ोसी राजा को ☐

अपने सब मंत्रियों को ✓ अपने भाई को ☐

4. **लघु उत्तरीय प्रश्न-**

(क) मंत्री युवक को क्या आश्वासन देकर लाया था? राजा के पास काफी उन्नति होगी

(ख) दफ़्तर को शाही दफ़्तर का रूप देने के लिए युवक के पास रुपये कहाँ से आए थे? निमंत्रण पत्रों तथा लिफ़ाफ़ों के सौनेवी पर्यावारी से।

(ग) अन्य मंत्री युवक की शिकायत बादशाह से क्यों करते थे?

(घ) रात के दो बजे तक कौन जाग रहा था और क्यों?

(ग) ईर्ष्या करते उसकी ईमानदारी को देख

5. **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

(घ) वित्त मंत्री जाग रहा था जो पिछले वर्ष से राजकर के हिसाब को मिलाने में व्यस्त था

(क) बादशाह ने युवक को वित्तमंत्री क्यों बना दिया?

(ख) रात के दो बजे बादशाह ने सेनापति को क्या आदेश दिया?

(ग) वित्तमंत्री ने बादशाह से एक पैसा लेना अस्वीकार कर दिया। क्यों?

6. **किसने कहा, क्यों कहा?**

(क) "मैंने इसे हज़ारों में से छाँटा है और बढ़िया नौकरी से छुड़ा कर इसे लाया हूँ।" मंत्री ने राजा को

(ख) "तुमने यह सजावट किसके रुपयों से की?" राजा ने उस व्यक्ति अर्थात दफ़्तर के चपरासी से।

(ग) "हमारे सब मंत्रियों को उनके घरों से उठाकर इस कमरे में ले आओ।" राजा ने अपने सेनापति को।

## भाषा

1. पाठ में आए इन वाक्यों को पढ़ो और रंगीन शब्दों पर ध्यान दो-

सात मंत्री नशे में थे। संख्यावाचक विशेषण।

दफ़्तर सचमुच शाही दफ़्तर हो गया। गुणवाचक विशेषण।

वेतन पंद्रह रुपये मिलेगा। संख्यावाचक विशेषण।

वह बेईमान था। गुणवाचक विशेषण।

सभी रंगीन शब्द विशेषण हैं, किंतु इनमें अंतर है। सात और पंद्रह शब्द मंत्री व रुपये की निश्चित संख्या का बोध करा रहे हैं अत: ये संख्यावाचक विशेषण हैं। शाही और बेईमान शब्द दफ़्तर व वह शब्द के गुण-दोष बोध करा रहे हैं; अत: ये गुणवाचक विशेषण हैं।

नीचे लिखे वाक्यों में विशेषण के नीचे रेखा खींचो और भेद लिखो-

| | | भेद |
|---|---|---|
| (क) | उस दफ़्तर में एक छोटी-सी कोठरी थी। | गुणवाचक |
| (ख) | आठ में से सात मंत्री नशे में थे। | संख्यावाचक |
| (ग) | उन्होंने इस युवक को अपना प्रधानमंत्री बना दिया। | सार्वनामिक विशेषण |

2. वाक्य में प्रयोग करो-

(क) सामान — मुझे सामान लाने बाज़ार जाना है।

समान — वित्त मंत्री के समान ईमानदार और कोई मंत्री नहीं थे

(ख) दंग — उसकी चतुराई को देखकर मैं दंग रह गया।

दंगा — कल रात में । हिन्दू-मुस्लिमों में दंगा हो गया।

(ग) सात — सात बच्चे बाहर खेल रहे हैं।

साथ — मेरे साथ मेरी सहेली भी घूमने गई थी।

(घ) अवधि — पंचायत की शासन अवधि पाँच साल की है।

अवधी — तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' अवधी भाषा में है।